बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय
पंत भवन, द्वितीय तल, बेली रोड, बिहार, पटना - 800001

आवंटनादेश

सं०-01/दि0स0नि0(बजट)-08/2026 स.क.- पटना, दिनांक-

प्रेषक,

भुवन कुमार,
उप निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय,
बिहार, पटना ।

सेवा में,

सहायक निदेशक-सह-
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय,
बिहार, पटना ।

विषयः- **वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना 'सम्बल' (सामान्य घटक) में प्राप्त आवंटन से मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए दिवाकालीन विशेष विद्यालय (चमन), पटना के संचालन हेतु तीन माह अप्रैल से जून, 2026 तक के लिए कुल रू० 7,62,000/- (सात लाख बासठ हजार रूपये) मात्र का आवंटन ।**

महाशय,

मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए दिवाकालीन विद्यालय (चमन) का संचालन 36, वेद नगर, रूकनपुरा, बेली रोड, पटना में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था, उमंग बाल विकास, फेयर फिल्ड कॉलोनी, दीघा घाट, पटना द्वारा दिनांक-01.07.2025 को निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय के साथ किये गये एकरारनामा के आलोक में 01 वर्ष अर्थात दिनांक-30.06.2026 तक की अवधि के लिए विस्तारित किया गया है ।

2. उक्त के आलोक में दिवाकालीन विशेष विद्यालय (चमन), पटना के संचालन हेतु तीन माह (अप्रैल से जून, 2026 तक) के लिए कुल रू० 7,62,000/- (सात लाख बासठ हजार रूपये) मात्र का आवंटन दिया जाता है । उक्त आवंटन विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०-3/यो०स०क०-20/2022-10 दिनांक-13.04.2026 (संलग्न) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना (सम्बल) के सामान्य घटक हेतु स्वीकृत कुल रू० 45,06,30,000/- (पैतालीस करोड़ छः लाख तीस हजार रूपये) मात्र की राशि के अंतर्गत दी जा रही है ।

3. यह आवंटन वित्तीय वर्ष 2026-27 में दिये गये पूर्व के आवंटनादेश के अतिरिक्त है ।

4. भारित राशि की निकासी मांग सं0-51-समाज कल्याण विभाग, मुख्य शीर्ष-2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, उप मुख्य शीर्ष-02-समाज कल्याण, लघु शीर्ष-101-विकलांग व्यक्तियों का कल्याण, उप शीर्ष-0119-मुख्यमंत्री विकलांग सशक्तिकरण योजना (सम्बल), विषय शीर्ष-0119.31.06-सहायक अनुदान-गैर वेतन, विपत्र कोड 51-2235021010119 के अन्तर्गत विकलनीय होगा ।

5. राशि की निकासी एवं व्ययन वित्त विभाग के पत्रांक-12888/वि० दिनांक-03.12.2024, 236/वि० दिनांक-09.03.2026, 2956/वि० दिनांक-25.03.2026, 314/वि० दिनांक-01.04.2026 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों / परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

6. आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सहायक निदेशक-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकरी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना होंगे।

7. इसके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना होंगे ।

8. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा कोषागार से राशि की निकासी कर मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना 'सम्बल' के सामान्य घटक हेतु Axis Bank में खोले गये Parent Account खाता सं०-923010072106524 IFSC Code-UTIB0000387 में राशि अंतरित की जायेगी । उक्त राशि को सहायक

निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना 'सम्बल' के सामान्य घटक हेतु पटना जिला में Axis Bank के Child Account खाता में आवंटित की जायेगी ।

9. बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम सं०-270 के आलोक में योजना के अन्तर्गत राशि की निकासी BTC Form 42 पर करने की स्वीकृति दी जाती है ।

10. आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जायेगा तथा इसे निदेशालय द्वारा महालेखाकार कार्यालय को बिहार कोषागार संहिता, 2011 के नियम सं०-271 के अनुसार BTC Form 42A में भेजा जायगा ।

11. यह चालू योजना है । अतः महालेखाकार, बिहार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है ।

12. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

अनु०-यथोक्त ।

विश्वासभाजन

ह०/-

उप निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय,
बिहार, पटना ।

ज्ञापांकः-01/दि0स0नि0(बजट)-08/2026 स.क.- पटना, दिनांकः-

प्रतिलिपिः-महालेखाकार बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह०/-

उप निदेशक

ज्ञापांकः-01/दि0स0नि0(बजट)-08/2026 स.क.- पटना, दिनांकः-

प्रतिलिपिः-कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह०/-

उप निदेशक

ज्ञापांकः-01/दि0स0नि0(बजट)-08/2026 स.क.- 05 पटना, दिनांकः- 06/05/2026

प्रतिलिपिः-वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना / समाज कल्याण विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना / प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / जिला पदाधिकारी, पटना / सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना / जिला कोषागार, पदाधिकारी, पटना / आई0टी0 मैनेजर, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित (आवंटनादेश की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित) ।

06.5.26

उप निदेशक